प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की– 17 मई को होगा मतदान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 53 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– भारतीय जनता पार्टी आगामी शहरी निकाय व नगर निगम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार– जीत का किया दावा।
- राज्य दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर शिमला में किया धरना–प्रदर्शन– सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप।
- प्रदेश भाजपा की चेस्टर हिल मामले में सरकार से निष्पक्ष व समयबद्ध जांच करवाने की मांग।

शहरी निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है और इन शहरी निकायों में आदर्श चुनाव आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि इनमें 4 नगर निगम सोलन, पालमपुर, मंडी व धर्मशाला और 25 नगर परिषद व 22 नगर पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इन शहरी निकायों में 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और नगर पंचायतों के मतों की गणना मतदान वाले दिन 17 मई को ही कर ली जाएगी, जबकि चारों नगर निगमों के मतों की गणना 31 मई को होगा। अनिल खाची ने बताया कि इन निकायों में कुल 3 लाख 60 हज़ार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक लाख 80 हज़ार 9 सौ 63 पुरूष, जबकि एक लाख 79 हज़ार 8 सौ 82 महिला और 14 अन्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए 5 सौ 89 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर ही पंचायत चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी।

प्रोत्साहन योजना

इस बीच प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज चुनावों के लिए प्रोत्साहन योजना का ऐलान किया है। इसके तहत ग्राम पंचायत के सभी पद प्रधान, उप–प्रधान और सदस्य निर्विरोध चुने जाने पर 25 लाख रुपये का ईनाम दिया जाएगा। इसी तरह पूरी पंचायत समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्य निर्विरोध चुने जाने पर 50 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। वहीं जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों के निर्विरोध चुने जाने पर एक करोड़ रुपये के ईनाम का ऐलान किया गया है। यह राशि ग्रांट–इन–एड के रूप में विकास कार्यों के लिए दी जाएगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 53 करोड़ 81 लाख रूपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। बाद में जखबड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आम लोगों की आकांक्षाओं और ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई और 2021 में गुणात्मक शिक्षा के मामले में प्रदेश 21वें स्थान पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत वर्तमान प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के एक सौ 51 स्कूलों को सी.बी.एस.ई. पैटर्न पर लाया गया है और 30 जून तक इन सभी स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी में विद्युत मंडल व उपमंडल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य और 33 के.वी. सब–स्टेशन के सुदृढ़ीकरण कार्य का

शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी व श्री नयना देवी जी के सौंदर्यकरण के लिए करोड़ों रूपये का बजट प्रावधान किया गया है।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िला में हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन गांव में आज 2 करोड़ 3 लाख रूपये की लागत से वर्षा जल संग्रहण जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरोली में जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में व्यापक पहल की जा रही है और वर्षा जल संग्रहण को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि क्षेत्र में करीब 20 करोड़ रूपये की लागत से पुराने टोबे–तालाबों का कायाकल्प किया जा रहा है और उन्हें आधुनिक, आकर्षक व बहु–उद्देशीय सरोवरों में विकसित किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी स्थानीय शहरी निकाय और नगर निगम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से स्वतंत्र व निष्पक्ष होनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकारी तंत्र के ढुलमुल रवैये और राजनीतिक दबाव के कारण पहले ही इन चुनावों में अनावश्यक देरी हो चुकी है, जिससे लोकतंत्र की ज़मीनी इकाईयां प्रभावित हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत चुनाव पिछले वर्ष दिसंबर में ही संपन्न हो जाने चाहिए थे, लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी सरकार की उदासीनता बनी हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास पूरी तरह ठप्प हो गया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इन चुनावों में जीत हासिल करेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार बेसहारा व ज़रूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में जनसमूह को संबोधित करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कांग्रेस सरकार की ही देन है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमकेयर योजना को और अधिक सशक्त बनाने के लिए इसमें अनेक गुणात्मक सुधार किए जा रहे हैं, जिससे योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

दृष्टिहीन

राज्य दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सचिवालय शिमला में आज राज्य सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन और चक्का जाम किया। दृष्टिहीन जन संगठन के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि वे पिछले 9 सौ 18 दिनों से बैकलॉग भर्ती की मांग को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने सरकार पर दृष्टिहीन संगठन की अनदेखी का आरोप लगाया।

राकेश जमवाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने बहुचर्चित चेस्टर हिल मामले में हुए नए खुलासों को कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पनपे बड़े भ्रष्टाचार का प्रमाण बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये मामला केवल अवैध ज़मीन खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की भोली–भाली जनता के अधिकारों और संसाधनों पर सीधा हमला है। राकेश जमवाल ने राज्य सरकार से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ज़मीन लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और भाजपा इस मुद्दे को प्रदेशभर में मज़बूती से उठाएगी व जनता को सच्चाई से अवगत करवाएगी।

"मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की– 17 मई को होगा मतदान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 53 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– भारतीय जनता पार्टी आगामी शहरी निकाय व नगर निगम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार– जीत का किया दावा।
- राज्य दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर शिमला में किया धरना–प्रदर्शन– सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप।
- प्रदेश भाजपा की चेस्टर हिल मामले में सरकार से निष्पक्ष व समयबद्ध जांच करवाने की मांग।

---